# जन-जन तक पहुंचें कांग्रेसी



संजय बाजपेई /सोनू यादव

**मांडू ( धार ). इस नव संकल्प शिविर में हमने जो प्रण किए हैं और समूह चर्चा हुई है वह हमारे कार्यकर्ताओं और गांव-गांव तक कैसे पहुंचे इसे लेकर हमें काम करना है. विधानसभा में मुद्दों को उठाकर कांग्रेस का राजनीतिक संदेश हमें जन-जन तक पहुंचाना है.**

भाजपा हमेशा मुद्दों पर बहस करने से बचती है और साजिश के तहत खत्म कर देती है ऐसा नहीं होना चाहिए. यह बात कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कही. धार जिले के मांडव में चल रहे मध्यप्रदेश कांग्रेस के दो दिवसीय नव संकल्प शिविर का समापन हुआ. शिविर के दौरान आज दूसरे दिन विधायकों और पदाधिकारियों को कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत और कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी सम्बोधित किया.

### गरीब का दर्द समझना होगा : उमंग सिंघार

मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा कि यह दो दिन किसी समापन का नहीं, बल्कि नवयुग के संकल्प का आरंभ हैं. कांग्रेस हमेशा गरीबों और शोषितों की आवाज बनकर रही है. हमें गरीबों के बीच जाकर उनका दर्द समझना होगा. उनके दुख और एहसास को समझकर उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए कांग्रेस को कमर कसनी होगी. हमें यह बात छोड़ देनी चाहिए कि संगठन हमारी इच्छा अनुसार चलें हमें पार्टी को सर्वोपरि रखकर आगे बढ़ना होगा.

### जनता के मुद्दों को लेकर बना रहे रणनीति : पटवारी

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि हम सबको एकजुट रहकर एक दूसरे का सम्मान बनाए रखना होगा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ओबीसी, एसटी, एससी और सामान्य वर्ग सभी का पूरा ख्याल रखती है और हमारे नेता राहुल गांधी सभी के अधिकारों की बात करते हैं. कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर बड़ी रणनीति बना रही है.



### रणनीति को धार देना होगी : सुप्रिया

सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि कांग्रेस की सोशल मीडिया रणनीति को हमें धार देना होगा। जो दिखता है वह बिकता है इसलिए काम भी करिए और दिखाइए भी. उन्होंने कहा कि इस दौर में सोशल मीडिया बड़ा हथियार है दुष्प्रचार के खिलाफ आवाज उठाने का और जनता से सीधे जुड़ने का यह माध्यम है.



### विचारधारा वाली संस्था : माकन

राज्यसभा सांसद व कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस राजनीतिक दल ही नहीं विचारधारा वाली संस्था है. भाजपा संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही है. कांग्रेस सिर्फ वह पार्टी है जिसमें स्वतंत्र भारत की कल्पना की थी. उसने एक अनमोल संविधान देश को दिया है.

# कैबिनेट में छाया खाद संकट का मुद्दा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 22 जुलाई. प्रदेश में इस समय खरीफ फसलों की बोवनी का अंतिम दौर चल रहा है. ऐसे में प्रदेश के किसानों को यूरिया, डीएपी सहित दूसरे खाद की लगातार जरुरत बनी हुई है, लेकिन प्रदेश के कई जिलों में खाद की कमी बनी हुई है, विशेष रूप से विंध्य, बुंदेलखंड और महाकौशल के जिलों में खाद की भारी किल्लत है.**



खाद की किल्लत का मुद्दा मंगलवार को कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक के दौरान भी छाया रहा. इस दौरान मंत्रियों ने प्रदेश में खाद की आपूर्ति तेज करने के साथ ही व्यवस्था सुधारने की पैरवी की. इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक सप्ताह के भीतर किल्लत दूर होने का भरोसा दिलाया.

अभी किसानों को खाद के लिए जबर्दस्त मारा-मारी का सामना करना पड़ता है. ऐसे क्षेत्र जहां खाद की कमी है और मांग ज्यादा, वहां तो किसान रात-रात भर जागकर सोसायटी के खुलने का इंतजार करते हैं, जिससे कि वे अपनी फसल के लिये जरुरत के हिसाब से खाद ले सके, लेकिन ये व्यवस्था अब आने वाले दिनों में कल की बात हो जायेगी. यदि सब कुछ ढीक-ढाक रहा तो अब किसानों को घर बैठे ही खाद मिल जायेगा, खाद की पहुंच किसानों के दरवाजे तक करने की तैयारी की जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में सहकारिता, राजस्व और किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक की.






# पंचायत उपचुनाव में पेपरलेस मतदान

**16** मतदान केंद्रों में आई बीपीएमएस से कराया मतदान

**49** सरपंच और 5 जनपद पंचायत सदस्य के लिए 70 .51 फीसदी मतदान

### इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पेपरलेस बूथ की नवीन पहल की गई है. इस प्रक्रिया में मतदान केन्द्रों में मतदाता और मतदानकर्मियों द्वारा किये जाने वाला पूरा काम डिजिटल माध्यम से किया जाता है. उल्लेखनीय है कि इस नवीन पहल के तहत वर्ष 2024 में भोपाल जिले के बैरसिया तहसील की ग्राम पंचायत रतुआ रतनपुर और रीवा जिले के अतरैला ग्राम पंचायत के सरपंच पद के लिये मतदान सफलतापूर्वक किया जा चुका है. जनपद पंचायत सदस्य निर्वाचन के लिये पहली बार इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम से मतदान करवाया गया.

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 22 जुलाई. पंचायत उप चुनाव के तहत त्रि-स्तरीय पंचायतों में खाली पद के लिये मंगलवार को मतदान हुआ.**

सरपंच पद के लिये 49 और जनपद पंचायत सदस्य के 5 पदों के लिये मतदान हुआ.

कुल 70.51 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया. इस दौरान नवाचार भी किया गया. जिसके तहत कुल 16 बूथों में पेपरलेस मतदान कराया गया, इसके लिए आईबीपीएमएस यानी इंटिग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग किय गया. सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह के मुताबिक सागर जिले की 4 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिये 9 मतदान केन्द्रों और दमोह जिले के वार्ड-16 के जनपद सदस्य के निर्वाचन के लिये 9 मतदान केन्द्रों में मतदान इंटिग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (आईपी बीएमएस) से कराया गया. इन मतदान केन्द्रों की मतदान प्रक्रिया का लाइव प्रसारण भी किया गया.

राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय के सामने तथा सागर और दमोह में एक-एक स्क्रीन लगाई गई इसमें मतदान प्रतिशत सहित अन्य जानकारियां लोगों ने लाइव देखीं। सागर जिले में मतदान का प्रतिशत 74.61 रहा.

सागर जिले के जनपद पंचायत जैसीनगर की ग्राम पंचायत अगरा, औरिया, जनपद पंचायत खुरई की ग्राम पंचायत मुहासा और जनपद पंचायत राहतगढ़ की ग्राम पंचायत सेमरा-लहरिया के मतदान केन्द्रों में इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम से मतदान कराया गया. मतदाताओं ने पेपरलेस मतदान प्रक्रिया को बहुत अच्छा कदम बताया और कहा कि वोट डालने में कम समय लगा और आसानी से वोट डाल सके.

### आज मुंबई से इंदौर दौड़ेगी तेजस ट्रेन

**इंदौर.** मध्य प्रदेश को आज बुधवार को एक और तेज रफ्तार रेल सेवा मिलने जा रही है. इंदौर से मुंबई के बीच चलने वाली तेजस एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन आज से शुरू हो रहा है. यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को इंदौर से चलेगी, जबकि गुरुवार और रविवार को मुंबई से रवाना होगी. रेलवे अधिकारियों के अनुसार, तेजस एक्सप्रेस पूरी तरह एसी चेयर कार और एक्जीक्यूटिव क्लास कोच वाली आधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेन है. इसमें वाई-फाई, सीसीटीवी, ऑटो मैटिक दरवाजे, बायो टॉयलेट, ऑनबोर्ड इंफोटेनमेंट सिस्टम, जीपीएस बेस्ड यात्री सूचना सिस्टम सहित कई अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी. ट्रेन इंदौर से सुबह 6:30 बजे रवाना होकर उज्जैन, रतलाम,वडोदरा, सूरत होते हुए शाम 6: 45 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी. इस रूट पर यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का अनुभव मिलेगा.



# दोपहर से झमाझम बारिश 12 जिलों में अलर्ट

- बारिश लौटते ही भीगे शहर, प्रशासन अलर्ट
- चार दिन तक भारी बारिश की चेतावनी

**भोपाल, 22 जुलाई. एक बार फिर मानसून की धमाकेदार वापसी हुई है. सोमवार रात से शुरू हुआ बादलों का डेरा मंगलवार शाम को झमाझम बारिश में तब्दील हो गया.**

भोपाल, इंदौर, सतना, सीधी, दमोह समेत 12 जिलों में रुक-रुककर बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई और लोगों ने राहत की सांस ली. वहीं, प्रशासन ने जलभराव और पेड़ गिरने जैसी संभावित स्थितियों को लेकर अलर्ट मोड अपनाया है. राजधानी भोपाल में मंगलवार को दिनभर उमस भरा मौसम बना रहा. लेकिन शाम करीब 4 बजे अचानक बादलों ने डेरा जमा लिया और तेज बारिश शुरू हो गई. बारिश के समय दफ्तरों से निकलते लोग और स्कूलों से घर लौटते बच्चों को खासा परेशान होना पड़ा. कई इलाकों में सड़कें जलमग्न हो गईं. बीते 24 घंटे में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सिवनी, सीधी, रायसेन, उमरिया और मलाज खंड जैसे जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई. सतना और सीधी में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा, वहीं इंदौर और सिवनी में पौने इंच बारिश मापी गई.






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14